प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19.45 बजे

''मुख्य समाचार''

- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने प्रदेश के मुद्दों पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का दिया सुझाव–सत्र में राजनीति से उपर उठकर चर्चा पर दिया बल।
- बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने किसानों से पारम्परिक फसलों के अलावा आधुनिक सुविधाओं के साथ बागवानी की नई तकनीक अपनाने का किया आग्रह।
- राज्यसभा सांसद सिंकदर कुमार ने संसद में उठाया गगल हवाई अड्डे के विस्तारीकरण का मुद्दा।
- प्रदेश भाजपा संगठन पर्व की राज्यस्तरीय बैठक में पार्टी नेताओं ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने पर दिया बल।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने प्रदेश के मुददों पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का सुझाव दिया है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विधानसभा की विशेष बैठक बुलाने को लेकर वे मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष से चर्चा करेंगे। कुलदीप पठानिया ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति से निपटने जैसे मुददों पर बैठक में राजनीति से उपर उठकर चर्चा होनी चाहिए और ऐसी बैठकें प्रदेश के हित में निर्णायक साबित हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 से 21 दिसंबर तक धर्मशाला के तपोवन में आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी। इस संबंध में आज अधिसूचना जारी हो गई है।

हाल ही में विदेश दौरे से लौटे विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि उन्हें देश भर के विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर भारत का पक्ष रखने का मौका मिला। कुलदीप पठानिया ने बताया कि दौरे के दौरान उन्होंने विदेशों में पर्यटन और शिक्षा के बारे में जानकारी भी हासिल की।

भेंट

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश से संबंधित विभिन्न मामलों पर प्रधानमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की। इस बीच राज्यपाल ने केंद्रीय सड़क व परिहवन मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की।

जगत सिंह

बागवानी और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किसानों से आग्रह किया है कि वे पारंपरिक फसलों के अलावा आधुनिक सुविधाओं के साथ बागवानी को भी अपनाएं, जिससे उनकी आय में काफी वृद्धि होगी। आज हमीरपुर के समीप बकारटी और बरंडा गांवों में एचपीशिवा परियोजना के तहत लगाए गए मौसम्बी के बागीचों का निरीक्षण करने के बाद स्थानीय लोगों से संवाद के दौरान उन्होंने यह अपील की। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी फल उत्पादन, विशेषकर नींबू प्रजाति के फलों को बढ़ावा देने और बागवानों को प्रेरित व प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार एचपीशिवा परियोजना के माध्यम से बागवानों के लिए बागीचे तैयार करके उन्हें सौंप रही है। बकारटी और बरंडा के क्लस्टरों में लगाए गए मौसम्बी के बागीचों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बागवानों की सुविधा के लिए खाद और दवाइयां एचपीएमसी की गाड़ी के माध्यम से उनके गांव में ही उपलब्ध करवाई जाएगी।

चंद्रकुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि स्कूलों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के अलावा गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है। ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के ताहलियां सरकारी स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने आज ये विचार व्यक्त किए। चंद्र कुमार ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल बनाए जा रहे हैं ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा का लाभ मिल सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर पढ़ाई व खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने का आहवान किया।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा है कि कांगड़ा जिले के गग्गल हवाई अड्डे के रनवे को तीन हजार 10 मीटर तक बढ़ाने के लिए भारतीय विमानन प्राधिकरण द्वारा तैयार प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन है। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा आज संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय नागर विमानन नीति 2016 के अनुसार हवाई अडडे के विकास के लिए निशु:ल्क और सभी बाधाओं से मुक्त भूमि उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। मुरलीधर मोहोल ने कहा कि कांगड़ा हवाई पट्टी के विस्तार के लिए 3 सौ 69 एकड से अधिक भूमि के लिए हिमाचल सरकार से अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि ये भूमि अभी तक राज्य सरकार ने उपलब्ध नहीं करवाई है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि उड़ान योजना के तहत हिमाचल में शिमला, भुंतर, रामपुर और मंडी के हैलीपोर्ट शुरू हो चुके हैं।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के हित में लगातार कार्य कर रही है और करीब दो सालों में शिक्षा विभाग में हजारों पद भरे गए हैं। वे आज कुल्लू जिला के आनी स्थित पीएम श्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला और कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के संयुक्त रूप से आयोजित वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस वित्त वर्ष में करीब 9 हजार आठ सौ 60 करोड़ का बजट शिक्षा विभाग को आबंटित किया गया

यादविन्द्र गोमा

आयुष व युवा सेवाएं और खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने आज जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के जांगल में 45 लाख रूपए से बने प्रवेश द्वार और वन निरीक्षण कुटीर का लोकार्पण किया। बाद में जांगल में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आलमपुर जांगल क्षेत्र में आयुर्वेद का 10 बिस्तरों का अस्पताल शुरू किया जाएगा।

भाजपा बैठक

प्रदेश भाजपा संगठन पर्व की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन आज शिमला में किया गया। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह–प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री सिकन्दर कुमार, त्रिलोक कपूर, बिहारी लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव भारद्वाज, संजीव कटवाल और राजीव सहजल विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और जिला प्रभारी भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हर दिन नया झूठ बोलना मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेताओं की आदत बन गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता देश के विकास में जुटा है और विकसित भारत का लक्ष्य ही पार्टी के हर कार्यकर्ता का संकल्प है। जयराम ठाकुर ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर भारत को विकसित करने के लिए आगे आने का आहवान किया। बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा कि भाजपा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हैं और देश की छवि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिगाड़ रहे है।

प्रतिभा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह आज नई दिल्ली के लिये रवाना हो गई जहां वह कल 29 नवंबर को होने वाली कांग्रेस कार्य समिति सी डबल्यू सी की बैठक में हिस्सा लेंगी। प्रतिभा सिंह इस दौरान पार्टी के शीर्ष नेताओं से भी मिलेंगी।

## प्रदर्शन

सीपीआईएम ने प्रदेश के हितों के मुददों और राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आज शिमला में प्रदर्शन किया। इस दौरान सीपीआईएम के कार्यकर्ताओं ने पंचायत भवन से चौडा मैदान तक रैली निकाली और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सीपीआईएम की राष्ट्रीय नेता सुभाषिनी अली ने भाजपा पर हिमाचल में सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार भी मजदूर और जनविरोधी नीतियों को बदलने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में जनहित के मुददों को उठाने के लिए माकपा को तीसरी शक्ति के रूप में उभारने की जरूरत है।

## स्वास्थ्य जांच

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास संस्था द्वारा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के सहयोग से संचालित की जा रही–सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने दड़ूही पंचायत में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस दौरान सौ से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के दौरान मरीजों को निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। स्थानीय लोगों व पंचायत प्रतिनिधियों ने इस सुविधा के लिए अनुराग ठाकुर का आभार जताया।

## 'मुख्य समाचार एक बार फिर'

- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने प्रदेश के मुद्दों पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का दिया सुझाव–सत्र में राजनीति से उपर उठकर चर्चा पर दिया बल।
- बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने किसानों से पारम्परिक फसलों के अलावा आधुनिक सुविधाओं के साथ बागवानी की नई तकनीक अपनाने का किया आग्रह।
- राज्यसभा सांसद सिंकदर कुमार ने संसद में उठाया गगल हवाई अड्डे के विस्तारीकरण का मुद्दा।
- प्रदेश भाजपा संगठन पर्व की राज्यस्तरीय बैठक में पार्टी नेताओं ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने पर दिया बल।

———————————————————